**प्रदर्शन** | किसान सत्याग्रह आंदोलन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने लगाए आरोप

# भाजपा की नीतियों से किसान परेशान




**नवभारत, कटनी।** युवा कांग्रेस का बड़वारा विधानसभा मुख्यालय में किसान न्याय सत्याग्रह आंदोलन बुधवार को जारी रहा। बुधवार को विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष और पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने भी शामिल हुए। इस दौरान काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह ने बताया यह सत्याग्रह भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ किसानों के हितों की लड़ाई है। उन्होंने आरोप कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण किसान पूरे वर्ष संकट का सामना करते हैं। किसानों को बुवाई के समय खाद और बीज की कमी रही, जिससे किसानों को भटकना पड़ता है। यूरिया की आवश्यकता होने पर किसानों को लंबी कतारें लगाने को मजबूर होना पड़ता है। जब इन दिनों यूरिया की कोई आवश्यकता नहीं है तो सरकार रैक जिले में भेज रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इन दिनों गेहूं खरीदी का दौर चल रहा है ऐसे में किसानों की उपज की खरीदी समय पर नहीं हो रही, पोर्टल में गड़बड़ी से किसान परेशान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसान विरोधी यूएस टेड् डील होने तक इस तरह के सत्याग्रह आंदोलन जिले में जारी रहेंगे। वहीं इस मौके पर कांग्रेस के अन्य नेताओं ने संबोधित करते हुए एक स्वर में कहा कि सरकार की संवेदनहीन नीतियों से किसान चिंतित हैं और अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

गेहूं खरीदी में संकट का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार की नीति ने किसानों के सामने गंभीर समस्या खड़ी कर दी है। किसान सत्याग्रह आंदोलन के दौरान जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इजरायल, रंजीत सिंह, लल्लन सिंह, संदीप सिंह , जनपद सदस्य सुनील सिंह, श्रीराम पटेल, सचिन गर्ग, माधव तिवारी, कमलेश पांडे, राघवेन्द्र सिंह, अंशुल राजपूत, सियाराम देवरी सहित काफी संख्या में किसानों के अलावा कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## शिव पल्सेज दाल मिल पर छापा, नोटिस जारी

**नवभारत, कटनी।** राजस्व और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम इमलिया स्थित शिव पल्सेज दाल मिल का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान टीम ने पाया कि मिल में बड़े पैमाने पर अरहर दाल का निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा जब फैक्ट्री के प्रभारी से अनिवार्य दस्तावेज मांगे गए, तो वह इन्हें प्रस्तुत नहीं कर सके। मिल के पास न तो कर्मचारियों के चिकित्सा प्रमाण पत्र थे और न ही पेस्ट कंट्रोल, वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट या ट्रेनिंग सर्टिफिकेट उपलब्ध पाए गए। ये सभी दस्तावेज खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुसार अनिवार्य हैं। खाद्य सुरक्षा की टीम ने मौके पर निर्मित और पैकिंग की जा रही अरहर दाल के दो नमूने जब्त किए हैं। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है। अनियमितताएं पाए जाने और दस्तावेज पेश नहीं करने पर संबंधित खाद्य कारोबारी को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया है।



# बगैर वैध परमिट के चल रही थी15 वर्ष पुरानी बस

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** जिले में अवैध और नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में परिवहन विभाग द्वारा बुधवार को बड़वारा क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने बताया कि जांच के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने बड़वारा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर वाहनों की गहन जांच की। इसी क्रम में एक यात्री बस को रोका गया। प्रारंभिक जांच में ही इस बस में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गई। वाहन बिना वैध परमिट के संचालित हो रहा था, जो कि मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके अतिरिक्त बस का फिटनेस प्रमाणपत्र भी वैध नहीं पाया गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि वाहन का कर पिछले दो माह से जमा नहीं किया गया था, जो वित्तीय नियमों के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। साथ ही बस का प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र भी वैध नहीं था, जिससे पर्यावरण संबंधी मानकों का भी उल्लंघन हो रहा था। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह रहा कि बस अपनी निर्धारित आयु सीमा 15 वर्ष पूरा कर चुकी थी। जिसके बाद इस प्रकार के वाहन का संचालन नियमानुसार प्रतिबंधित हो जाता है। इसके बाद तत्काल प्रभाव से बस को जब्त कर थाना बड़वारा में सुरक्षित रखा गया है, जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। परिवहन अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के जांच और कार्रवाई अभियान आगे जारी रहेंगे।

## एक नजर में




### डाकघरों में 8 और 9 मई को आधार अपडेट अभियान

**नवभारत, कटनी।** जबलपुर संभाग के अंतर्गत कटनी जिले के डाकघरों में स्थित आधार केंद्रों पर नवीन आधार पंजीयन और सुधार कार्य के लिए 8 और 9 मई को विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नागरिक आधार कार्ड में सुधार, बायोमेट्रिक अपडेशन, मोबाइल नंबर और ईमेल लिंक कराने जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। अभियान को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए विभाग ने टोकन व्यवस्था लागू की है। नवीन पंजीयन और सुधार कार्य के लिए 6 और 7 मई को टोकन का वितरण किया जाएगा। जो नागरिक अपना आधार अपडेट कराना चाहते हैं, उन्हें पहले इन तारीखों में टोकन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। नागरिकों की सुविधा के लिए आधार केंद्रों के समय में भी विस्तार किया गया है। प्रधान डाकघर में आधार सेंटर सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक कार्य करेंगे। जबकि उपडाकघर और अन्य सभी केंद्रों पर सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक कार्य होगा। जबलपुर संभाग के अंतर्गत कुल 2 प्रधान डाकघरों और 36 उपडाकघरों में यह अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए दूरभाष नंबर 0761-2678121 पर संपर्क किया जा सकता है। कटनी प्रधान डाकघर, माधव नगर, कटनी सीमेंट फैक्ट्री, बरही, बाकल, कैमोर, निवार, रीठी, सरोली मझगवां, सिहोरा एमडीजी, स्लीमनाबाद, उमरियापान और विजयराघवगढ़ डाकघर शामिल है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से कहा है कि वे अपने निकटतम डाकघर केंद्र पर जाकर इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं और अपना आधार डेटा अपडेट रखें।

# बंगाल की जीत पर की आतिशबाजी, बांटी गई मिठाई

**कार्यकर्ताओं ने मनाया भाजपा की जीत का जश्न**



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पश्चिम बंगाल में पार्टी के शानदार प्रदर्शन और जीत का उत्साह देश भर के साथ-साथ अब स्थानीय स्तर पर भी देखा जा रहा है। इसी कड़ी में बड़वारा विधानसभा के ढीमरखेड़ा मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी को किसी त्योहार की तरह मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ढीमरखेड़ा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह जीत विकास और विश्वास की जीत है। कार्यक्रम के आयोजन और प्रबंधन में मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, मंडल महामंत्री सोनू गौतम, सतीश ज्योतिषी,सुलभ त्रिपाठी, गोविंद प्रताप सिंह, शारदा महोबिया,रतन यादव, और ढीमरखेड़ा मंडल के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि आगामी समय में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य और भी गति से किया जाएगा।

# सिलेंडर का मूल्य बढ़ने से रोजगार बचाने संघर्ष कर रहा छोटा व्यापारी

**बढ़ती मंहगाई के खिलाफ आप पार्टी ने किया विरोध प्रदर्शन**




**नवभारत, कटनी।** आम आदमी पार्टी द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में हुई भारी बढ़ोतरी के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन में आम नागरिकों, छोटे व्यापारी और पार्टी कार्यकर्ताओं ने काफी संख्या में हिस्सा लेकर यह स्पष्ट संदेश दिया कि जनता अब अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने के लिए तैयार है। विरोध प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता अनिल सिंह सेंगर ने कहा कि यह प्रदर्शन सिर्फ एक आंदोलन नही, बल्कि हर उस परिवार की आवाज है जो महंगाई से जूझ रहा है। जब एक छोटा व्यापारी अपने रोज़गार को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा हो, जब एक मजदूर अपने घर का चूल्हा जलाने के लिए चिंतित है तब यह बढ़ोतरी सिर्फ आंकड़ा नहीं बल्कि दर्द बन जाती है। हमने आज जनता की उस पीड़ा को महसूस किया है जो शब्दों में नहीं कही जा सकती। आम आदमी पार्टी हर उस आवाज के साथ खड़ी है जो अन्याय के खिलाफ उठती है। यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक आम जनता को राहत नहीं मिलती। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि वे जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करते रहेंगे और आम नागरिकों की आवाज को मजबूती से उठाते रहेंगे।

विरोध प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर, उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित खटीक, विनय लोधी, प्रवक्ता संतोष सिंह, जगन्नाथ नामदेव, पप्पू रावण, करण दाहिया, ऋषभ पटेल, रामसिया गुप्ता, शिवा कुशवाहा, शिवा मोर्या, आयुष ठाकुर, सचिव-लाखन सिंह तोमर, बाबूलाल विश्वकर्मा, निकलेश प्रसाद, विकास खटिक, कमलेश ठाकुर, राजकुमार कुशवाहा, विकास श्रीवास्तव, राममिलन कुशवाहा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मकान सूचीकरण कार्य की जमीनी हकीकत देखने अधिकारी ने किया भ्रमण

**मकान सूचीकरण में प्रदेश के 6 अग्रणी जिलों में पहुंचा कटनी**



**नवभारत, कटनी।** जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रमुख जनगणना अधिकारी और कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में किए जा रहे मकान सूचीकरण ब्लॉक के कार्य में जिले ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए 96.67 फीसदी कार्य पूरा कर प्रदेश के 6 अग्रणी जिलों में शामिल हो गया है। कलेक्टर द्वारा नियमित तौर पर समय-सीमा बैठकों में जनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की वजह से जिला अग्रणी है। मकान सूचीकरण कार्य की समीक्षा और निरीक्षण के लिए बुधवार को जनगणना निदेशालय भोपाल से संयुक्त संचालक जय सहदादपुरी का कटनी आगमन हुआ। संयुक्त संचालक ने जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने ग्रामीण तहसील के ग्राम तखला और ग्राम कछगवां पहुंचकर मकान सूचीकरण कार्य की गुणवत्ता जांची। इसके बाद तहसील कटनी शहरी के ग्राम कैलवारा में उन्होंने प्रगणकों और सुपरवाइजरों के साथ स्वयं घर-घर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से किए जा रहे डेटा प्रविष्टि कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। क्षेत्र भ्रमण के बाद संयुक्त तहसील भवन में प्रगणकों और सुपरवाइजर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहदादपुरी ने कार्य की प्रगति की जानकारी ली और मैदानी स्तर पर कार्य करने के दौरान आ रही तकनीकी सहित अन्य समस्याओं का तत्काल निराकरण किया।

भ्रमण के दौरान संयुक्त संचालक ने नगर निगम कमिश्नर तपस्या परिहार, जिला जनगणना अधिकारी नीलांबर मिश्र, अतिरिक्त जनगणना अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी से मुलाकात कर जिले में जनगणना कार्य की प्रगति और मैदानी क्रियान्वयन पर चर्चा की।



# जलभराव से मिलेगी मुक्ति, कराया जाएगा नाली निर्माण

**महापौर की उपस्थिति में कराया गया भूमिपूजन**

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है। विकास के इसी क्रम में दो निर्माण कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, मेयर इन काउंसिल सदस्यों और क्षेत्रीय पार्षद तुलसा गुलाब बेन, संजू जीवन चौधरी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा। विकास कार्यों के अंतर्गत महाराणा प्रताप वार्ड स्थित झिंझरी क्षेत्र में तेजी लाल रजक के घर से चंद्रलाल यादव के घर तक सीसी नाली निर्माण कार्य तथा कावसजी वार्ड में विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। लगभग 35 लाख रुपये से अधिक की लागत से होने वाले इन विकास कार्यों के पूर्ण होने पर जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा और नागरिकों को लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से राहत मिलेगी।

भूमिपूजन के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को जल्द लाभ मिल सके और विकास का प्रभाव धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे। कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, पूर्व पार्षद जीवन चौधरी सहित काफी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों द्वारा महापौर और क्षेत्रीय पार्षद का पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इसी क्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने भी वार्ड की वृद्ध महिला का माला पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया, जिससे कार्यक्रम में आत्मीयता का माहौल और भी सशक्त हुआ।

इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। नागरिकों ने उम्मीद जताई कि इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में स्वच्छता और जल निकासी व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा, जिससे दैनिक जीवन और अधिक सुगम होगा। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने वार्ड की महिलाओं के साथ जनसंवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं के जल्द निराकरण के लिए आश्वस्त किया। महापौर ने महिलाओं से स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए कहा।

साथ ही उन्होने कहा कि स्वच्छ और व्यवस्थित शहर के निर्माण में जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने सभी से अपने आसपास सफाई बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालने और अन्य नागरिकों को भी जागरूक करने के लिए कहा। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती गुलाब बेन ने कहा कि वार्ड के समग्र विकास में नागरिकों का विश्वास और सहयोग सबसे बड़ी ताकत है, जिसके चलते विभिन्न विकास कार्यों को गति मिल रही है। उन्होंने सभी से इसी प्रकार सक्रिय सहभागिता बनाए रखने का आग्रह किया। वहीं श्रीमती संजू चौधरी ने कहा कि स्वच्छता, सुव्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने में आमजन की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने वार्ड वासियों से कहा कि वे नगर के विकास कार्यों में सहयोग करते हुए अपने क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श बनाने में अहम भूमिका निभाएं। इस अवसर पर सुनील गोटिया, मुकेश प्रसाद, शिवनारायण प्रसाद, कौशल तिवारी, दीप महोबिया, जैकी कोरी, गोपाल प्रसाद, विनोद प्रसाद, लखन चौधरी, केशव कोल सहित अन्य स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी रही।

# कांग्रेस को पंचायतों में मजबूत करने में मंडलम अध्यक्षों की भूमिका अहम

**कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों की ली बैठक**



**नवभारत, बहोरीबंद।** जिला ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह ने मंगलवार को बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए मंडलम के नवनियुक्त अध्यक्षों की बैठक ली। बचैया मंडलम की बैठक ग्राम पंचायत स्तर पर संगठनात्मक विस्तार और गतिविधियों को सुचारू रूप देने के लिए बैठक लेकर समिति बनाए जाने के निर्देश दिए। ग्राम स्तर पर बनाए जाने वाली कमेटियों में महिलाओं को उचित स्थान देते हुए युवाओं की भागीदारी करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत स्तर के चुनाव में पार्टी के मंशानुरूप अधिक से अधिक महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी तय करना भी सुनिश्चित है। जिसके लिए अभी से ग्राम पंचायत स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने की जरूरत है जिसमें मंडलम अध्यक्षों की अहम भूमिका रहेगी। बैठक में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, मंडलम अध्यक्ष नारायण पटेल, वरिष्ठ नेता राकेश राय, के एल राय, संजय जैन, संजय बैरागी, अनूप जैन,अनिल राय,रोहित राय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**समीक्षा** | नगर निगम आयुक्त ने स्वीकृत और निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा, समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश

# बारिश के दौरान जलभराव वाले क्षेत्रों को करें चिन्हित, समस्या का करें स्थाई समाधान



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने बुधवार को नगर निगम के माध्यम से संचालित विभिन्न निर्माण, विकास कार्यों और समय सीमा में कार्रवाई के लिए चिन्हित प्रकरणों की समीक्षा की। निगमायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को नगर के विभिन्न वार्डों में चल रहे सभी निर्माण और विकास कार्यों में तेजी लाते हुए समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने मैदानी अमले को लक्ष्य देकर उसके अनुरूप कार्य को पूरा कराए। इसके साथ ही सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास और निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कार्यों की मॉनिटरिंग करें और स्वीकृत विकास कार्यों को जल्द से जल्द से पूरा कराएं। बैठक में नगर विकास के लिए नवीन स्वीकृत 396 कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 111 कार्य पूरे किए गए हैं, बचे कार्य प्रगतिरत है। निगमायुक्त द्वारा अप्रारंभ कार्य, भुगतान और अनुबंध के लिए शेष कार्य सहित अनुबंध की कार्रवाई के बाद अप्रारंभ कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि सभी कार्यों में प्राथमिकता से कार्रवाई कर तय समय-सीमा में बारिश के पहले पूरा कराएं। निगमायुक्त ने बारिश प्रारंभ होने के पहले मार्ग के गड्ढों की मरम्मत कराकर लोगों को सुगम आवागमन मुहैया कराने के भी निर्देश दिए। फिश पार्लर के निर्माण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि पुरैनी स्थित फल मंडी के पास स्थल का चयन कर लेआउट की कार्यवाही पूरी कर ली गई है। जिस पर निगमायुक्त द्वारा फिश पार्लर निर्माण जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। नगर निगम आयुक्त ने शहर के सभी वार्डों के स्वीकृत, प्रगतिरत और शेष कार्यों की वार्डवार विस्तृत समीक्षा कर गति लाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री आसित खरे को दिए। ऐसे प्रकरण जिनमें अनुबंध की कार्रवाई शेष है उन पर संबंधितों को सूचित कर जल्द कार्रवाई करने के लिए कहा। साथ ही जो नियमों को उल्लंघन करने वालों पर ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। वहीं दर विश्लेषण संबंधी प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नगर निगम आयुक्त ने आने वाले बारिश के दिनों को दृष्टिगत रखते हुए शहर में जलभराव की समस्या की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से निरीक्षण कर समस्या का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। पिछले वर्ष जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर समस्या का स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं।

